Printed Pages – 7

# J-05

## B.A. (Part-I) (Old Course)

## Examination, 2021

## हिन्दी साहित्य

## Paper - II

## (हिन्दी कथा साहित्य)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी प्रश्न हल करने हैं। प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शाए गए हैं।

**Q. 1.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) ''तारक खचित नील अम्बर और समुद्र के अवकाश में पवन ऊधम मचा रहा था। अन्धकार से मिलकर पवपन दुष्ट हो रहा था। समुद्र में आंदोलन था। नौका लहरों में विकल थी। स्त्री सतर्कता से लुढ़कने लगी। एक मतवाले शरीर को ठुकराती हुई सावधानी से उसका





कृपाण निकालकर फिर लुढ़कते हुए बन्दी के समीप पहुँच गई। सहसा पोत के पथ-प्रदर्शक ने चिल्लाकर कहा– आँधी।''

(ख) चिन्ता-व्यथित प्राणियों के लिए इससे अधिक मनोरंजन, की और वस्तु ही कौन है। बादल के टुकड़े भाँति-भाँति के रंग बदलते, भाँति-भाँति के रूप भरते, कभी आपस में प्रेम से मिल जाते, कभी रूठकर अलग-अलग हो जाते, कभी दौड़ने लगते, कभी ठिठक जाते। जालपा सोचती रमानाथ भी कहीं बैठे यही मेघ-क्रीड़ा देखते होंगे। इसी कल्पना में उसे विचित्र आनन्द मिलता। किसी माली को अपने लगाए पौधों से, किसी बालक को अपने बनाए हुए घरौंदो से जितनी आत्मीयता होती है, कुछ वैसा ही अनुराग उसे आकाशगामी जीवों से होता था। विपत्ति में हमारा मन अन्तर्मुखी हो जाता है।

(ग) "सब कुछ आ जायगा। भगवान दें तो ? जो लोग अभी एक पैसा नहीं दे रहे हैं, वे ही कल बुलाकर रुपये देंगे। मेरे नौ लड़के हुए, घर में कभी कुछ न था मगर भगवान ने किसी-न-किसी तरह बेड़ा पार ही लगाया।"

(घ) "मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि आँखों में छल-छल आँसू बहने लगे। दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती, पर वे बार-बार उमड़ आते, जैसे वर्षों का बाँध तोड़कर उमड़ आये हों। माँ ने बहुतेरा दिल को समझाया, हाथ जोड़े भगवान का नाम लिया, बेटे के चिरायु होने की प्रार्थना की। बार-बार आँखें बन्द की, मगर आँसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।"

(ङ) उन दिनों एक अजब वैराग्य की भावना उसके मन मस्तिष्क पर छाने लगी। कोई किसी का नहीं है, सब





अपने-अपने मतलब के हैं। उन्हीं बच्चों के लिए उन्होंने क्या-क्या मुसीबतें नहीं उठाई ? आज कोई कभी सोचता तक नहीं कि बुड्ढा मर गया या जिन्दा है ? नीचे बैठे-बैठे वे सारे दिन गीता के तरह-तरह के भाषण और श्रीमद्भागवत पढ़ते रहते और मन ही मन प्रतीक्षा किया करते कि माफी माँगते हुए मालती का पत्र आयेगा।"

**Q. 2.** आलोचना की दृष्टि से 'गबन' उपन्यास की भाषा-शैली की विशेषताएँ लिखिए। **12**

**अथवा**

'गबन' उपन्यास की केन्द्रीय समस्या पर प्रकाश डालिए।

**Q. 3.** हिन्दी कहानी की विकास यात्रा को समझाइए। **12**

**अथवा**

कहानी के तत्वों को आधार पर 'आकाशदीप' का विश्लेषण कीजिए।

**Q. 4.** निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(क) गदल की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ख) उपेन्द्रनाथ अश्क की एकांकी कला की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) शिवानी की कहानी में 'नारी मनोभाव' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) 'मलबे का मालिक' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) चम्पा के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

**Q. 5.** निम्नलिखित अतिलघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **15**

(i) माधव किस कहानी का पात्र है ?

(ii) उपेन्द्रनाथ अश्क का जन्म कहाँ हुआ था ?

(iii) प्रेमचन्द का नाम क्या था ?

(iv) गदल ने किससे पुनः विवाह किया ?





(v) भीष्म साहनी ने कौन सी कहानी लिखी है ?

(vi) उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(vii) कहानी के कितने तत्व होते हैं ?

(viii) गदल के बेटे का नाम लिखिए।

(ix) गनी मियाँ के बेटे एवं बहू का नाम लिखिए।

(x) आकाशदीप कहानी की नायिका का नाम लिखिए।

(xi) 'पंचामृत' किस रचनाकार की प्रथम पुस्तक है ?

(xii) देवीदीन की पत्नी का नाम लिखिए।

(xiii) बिरादरी बाहर कहानी के लेखक कौन हैं ?

(xiv) सिरचन किस कहानी का पात्र है ?

(xv) हिन्दी की प्रथम मौलिक कहानी का नाम लिखिए।

(xvi) शिवानी की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(xvii) रतन के पति का नाम लिखिए।

(xviii) 'लुकमा' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(xix) 'रक्खे पहलवान' किस कहानी का पात्र है ?

(xx) पारस बाबू किस कहानी का पात्र है ?

Printed Pages – 7

# JN-05

## B.A. (Part-I) (New Course)
## Examination, 2021
# HINDI LITERATURE
### Paper - II
### (हिन्दी कथा साहित्य)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शित हैं।

**Q. 1.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) 'सरकारी गवाह' का आशय जालपा से छिपा न था। समाज में उनकी जो निंदा और अपकीर्ति होती है, यह भी उससे छिपी न थी। सरकारी गवाह क्यों बनाए जाते





हैं, किस तरह प्रलोभन दिया जाता है, किस भाँति पुलिस के पुतले बनकर अपने ही मित्रों का गला घोंटते हैं, यह उसे मालूम था।

(ख) एक दिन उसने बड़ी हसरत के साथ जोहरा से कहा - मैं डरता हूँ, कहीं तुमसे प्रेम न बढ़ जाय। उसका नतीजा इसके सिवा और क्या होगा कि रो-रोकर जिन्दगी काटूँ। तुमसे वफा की उम्मीद और क्या हो सकती है।

(ग) अपने जमाने को याद कर चौधरी साहब कहते- ''वो भी क्या वक्त थे। लोग मिडिल पास कर डिप्टी-कलेक्टरी करते थे और आजकल की तालीम है कि एण्ट्रेन्स तक अंग्रेजी पढ़कर लड़के तीस-चालीस से आगे नहीं बढ़ पाते।''

(घ) भानू फूट-फूट रो रही थी। मैं बंडल को खोल कर देखने लगा। ऐसी कारीगरी, ऐसी बारीकी, रंगीन सुतलियों के फंदों का ऐसा काम, पहली बार देख रहा था।

(ङ) जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी, और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।

**Q. 2.** 'गबन' उपन्यास में प्रेमचन्द ने किन-किन सामाजिक समस्याओं को उठाया है ? स्पष्ट कीजिए। **12**





**अथवा**

'गबन' उपन्यास के आधार पर रमानाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**Q. 3.** कहानी के तत्वों के आधार पर 'आकाशदीप' कहानी का विश्लेषण कीजिए। **12**

**अथवा**

'ठेस' कहानी के आधार पर 'सिरचन' की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

**Q. 4.** निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए : **3×5=15**

(क) 'गबन' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आकाशदीप' के कथानक की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'परदा' कहानी का मूल उद्देश्य क्या है ?

(घ) 'ठेस' कहानी का उद्देश्य बताइए।

(ङ) 'चीफ की दावत' कहानी की भाषा-शैली को स्पष्ट कीजिए।

**Q. 5.** निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1×15=15**

(1) 'गबन' उपन्यास का प्रकाशन कब हुआ ?

(2) 'परदा' कहानी के रचनाकार कौन हैं ?

(3) पाठ्यक्रम में कितनी कहानियाँ संकलित हैं ?

(4) 'गबन' उपन्यास की नायिका कौन है ?

(5) प्रेमचन्दोत्तर हिन्दी उपन्यास की तीन कृतियों के नाम लिखिए।





(6) शिवानी के दो कहानी संकलनों के नाम बताइए।

(7) किस कहानीकार को 'आंचलिक कथाकार' कहा जाता है ?

(8) 'आकाशदीप' के नायक का नाम बताइए।

(9) माधव किस कहानी का पात्र है ?

(10) द्रुतपाठ के किन्हीं दो रचनाकारों के नाम लिखिए ?

(11) 'गदल' कहानी के रचनाकार कौन हैं ?

(12) चम्पा किस कहानी की नायिका है ?

(13) 'चीफ की दावत' किसकी कहानी है ?

(14) उपन्यास के कितने तत्त्व होते हैं ?

(15) 'पारस बाबू' किस कहानी का पात्र है ?

(16) प्रेमचन्द पूर्व किसी उपन्यास का नाम लिखिए।

(17) 'मैला आँचल' का प्रकाशन कब हुआ ?

(18) गदल के बेटे का नाम लिखिए।

(19) 'जली हुई रस्सी' के कहानीकार का नाम बताइए।

(20) यशपाल की किसी एक कहानी का नाम बताइए।